## खबर संक्षेप

### 148 बटालियन में स्वच्छोत्सव

**मण्डला।** दिनांक 20 सितम्बर 2025 को 148 बटालियन केरिपुबल, मण्डला द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ''स्वच्छोत्सव'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस लाईन मण्डला की गेट से भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय तक, श्री विक्रांत सारंगपाणि, कमाण्डेन्ट-148 बटालियन मण्डला के नेतृत्व में साफ-सफाई का अभियान बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने नगर पालिका मण्डला के कर्मचारियों के साथ मिलकर चलाया। उक्त कार्यक्रम दिनॉक 17/09/2023 से 02/10/2023 तक पूरे भारत में चलाया जा रहा है, जिसे देखते हुए इस वाहिनी के उच्च अधिकारियो अपने जवानों के साथ मिलकर ''स्वच्छता ही सेवा है'' का अभियान चलाया। उक्त कार्यक्रम में श्री विक्रांत सारंगपाणि, कमाण्डेन्ट, श्री रत्नेष कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, अमरी प्रसाद उप.कमाण्डेन्ट, मनोरंजन कुमार उप.कमाण्डेन्ट, डॉ भाग्यलक्ष्मी एस. वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी एवं अधिनस्थ अधिकारीगण व सभी जवानों ने बढ-चढ़ कर इस सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैम्प एवं आस-पास की साफ सफाई रखने व देश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का संदेश दिया गया तथा निवासरत अधिकारी/कार्मिक/आम जनमानस एवं उनके परिवार को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से दूर रखना है।

### डाक विभाग के द्वारा आधार नामांकन एवं अपडेटेशन तथा सुकन्या समृद्धि योजना कैम्प के माध्यम से जागरूकता संदेश


**मण्डला।** डाक घर विभाग के द्वारा किड्ज़ी सिविल लाइन्स मंडला में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में बच्चों (किसी भी आयु वर्ग) के लिए आधार नामांकन एवं अपडेटेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।अभिभावकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जागरूक किया गया। इस योजना के तहत 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए विशेष खाता खोला गया, जिस पर आकर्षक 8.2% ब्याज दर और आयकर अधिनियम की धारा 80C के तहत छूट का लाभ मिलता है। न्यूनतम वार्षिक निवेश 250 से लेकर अधिकतम 1.5 लाख तक किया जा सकता है।

## मैचुअल वापसी अब भी पसरा सन्नाटा

# स्थानांतरण आदेशों पर किया गया संशोधन

*** जिला शिक्षा केन्द्र की कार्यवाही संदेह के घेरे में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



*शिक्षा विभाग से निकलते आदेश क्या निराधार ही होते हैं कहीं से भी किसी का आदेश निकालकर संबंधित को लाभ पहुंचाने का कार्य आखिर किया कैसे जा रहा है कभी किसी प्राचार्य की नियुक्ति का आदेश संभाग आयुक्त कार्यालय से निकलता है एक माह तक जिले में कहीं छुपा रहता है और प्रतिलिपि किसी को भी प्राप्त नहीं होती प्राचार्य जब पदभार ग्रहण करते हैं तब जानकारी हो पाती है जहां पहले से ही आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हों उस शाला में कोई नया शिक्षक एक आदेश लेकर हाथों-हाथ पहुंच जाता है जिसकी खबर भी अन्य अधिकारियों को नहीं होती छात्रावास के जिम्मेदारों को हटाने का तो साहस वर्षों से विभाग के अधिकारी कर ही नहीं पा रहे ऊपर से जब डंडा पड़ा तो दिखाने के लिए स्थानांतरण आदेश निकाले गए और कुछ ही दिनों में उन्हें फिर पुरानी जगह पर पदस्थ कर दिया गया अब प्रश्न यह उठता है कि इस तरह के आदेश जो जारी किए जा रहे हैं क्या उनकी सूचना जिला प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही यदि पहुंच रही है तो फिर यह अंधेरगर्दी कैसे और यदि नहीं पहुंच रही तो फिर आखिर यह गोरख धंधा चला कौन रहा है। कल ही के आदेश की बात करें तो इन दोनों आदेशों में जिला परियोजना समन्वयक के हस्ताक्षर हैं जबकि कल वे संभाग स्तर की बैठक में शामिल होने जबलपुर प्रवास पर थे तो फिर आदेश जारी कहां से हुये और इनके हस्ताक्षर कब और कैसें इस आदेश पर हो पाये।*




मंडला।जिला शिक्षा केंद्र मंडला के अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावासों में सहायक वार्डनों के हालिया स्थानांतरणों को लेकर गंभीर अनियमितताएं उजागर हो रही हैं। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब मीडिया द्वारा प्रमुखता से दिनांक 16/09/2025 के स्थानांतरण आदेश क्रमांक /एस एस ए/बा.शि./2025/1208 पर सवाल उठाए गए।

इस आदेश के अनुसार, आरौली की सहायक वार्डन को जारगी छात्रावास में पुनः पदस्थ किया गया, जहाँ वे पूर्व में 8-10 वर्षों तक कार्यरत रह चुकी थीं। उल्लेखनीय है कि उन्हें मात्र पाँच माह पूर्व ही जारगी से स्थानांतरित कर आरौली भेजा गया था। साथ ही, जारगी की सहायक वार्डन को आरौली स्थानांतरित किया गया था।

विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार हरिभूमि ने खबर के प्रकाशन के बाद, विभाग ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए 20/09/2025 को एक संशोधित आदेश जारी किया, जिसमें खलौड़ी की सहायक वार्डन को भैसवाही, भैसवाही की सहायक वार्डन को खलौड़ी, और आरौली व जारगी की स्थिति को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। यानी, जारगी से जो खलौड़ी भेजी गई थीं, उन्हें पुनः जारगी में ही रहने दिया गया।

हालांकि, हैरानी की बात यह है कि “मैचुअल ट्रांसफर” के नाम पर कई सहायक वार्डनों को एक माह के भीतर ही फिर से उन्हीं पुराने छात्रावासों में वापस भेज दिया गया, जहाँ से उन्हें हाल ही में हटाया गया था। यह कार्यवाही न केवल राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों की अवहेलना है, बल्कि स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और कथित समजंस्य-सांठगांठ की ओर भी इशारा करती है।

उदाहरण के तौर पर बीजाडांडी विकासखंड के पोड़ी नागरार कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की सहायक वार्डन को निवास विकासखंड के लुहारी छात्रावास भेजा गया था, और लुहारी की सहायक वार्डन को पोड़ी नागरार। लेकिन एक माह के भीतर ही दोनों को पुनः उनके पूर्व पदस्थ छात्रावासों में भेज दिया गया। इस पर अब तक जिला शिक्षा केंद्र ने कोई स्पष्ट संशोधन आदेश जारी नहीं किया है, जिससे असमंजस और सवालों का माहौल बना हुआ है।

यह स्थिति प्रशासनिक नियमों की अनदेखी के साथ-साथ विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है। अब देखना यह होगा कि क्या विभाग इन तथ्यों पर संज्ञान लेकर पूर्ण रूप से पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा, या फिर “मैचुअल वापसी” की यह परंपरा यूं ही चलती रहेगी।

### इनका कहना है -

*क्षेत्र में विरोधाभास की चलते यह स्थानांतरण किए जा रहें, माननीय कलेक्टर महोदय से सोमवार को मिलकर इस संबंध और दिशा निर्देश लेकर आगे की कार्यवाही की जायेगी। रही बात मैचुअल स्थानांतरण की वह नियुक्ति समिति के अनुमोदन के बाद ही किया गया है।*

***-अरविंद विश्वकर्मा,* डीपीसी, मण्डला**

## इनर व्हील क्लब ने पितृ पक्ष पर वृद्धजनों का किया सम्मान



*** सेवा और अपनापन के भाव ने छुआ दिल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पितृ पक्ष के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब द्वारा एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की सभी सदस्याओं ने वृद्धाश्रम में रह रहे आदरणीय वृद्धजनों का स्नेहपूर्वक स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर क्लब की सदस्याओं ने वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन कराया, उन्हें वस्त्र वितरित किए और उनके साथ समय बिताकर उनका मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष श्रद्धा तपा, सचिव सुनीता पमनानी, कोषाध्यक्ष रूबी तपा, आईएसओ प्रिया पमनानी, संपादक आरती बृजपुरीया के साथ-साथ सदस्याएँ किरन पमनानी, सपना भाटिया, अंजु उयाम, संजुलता सिगौर, सीमा ज्योतिषी, अनीता राय, ऋतु राय, अंकिता केशवानी, कंचन क्षत्रिय, अनीता चंद्रोल और रिया तपा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की एक विशेष अंश रही नर्मदा तट पर सामूहिक रूप से नर्मदा जी का दर्शन एवं पूजन, जिसने इस दिन को और भी अधिक यादगार बना दिया। इस अवसर पर सभी सदस्याओं ने सेवा, श्रद्धा और अपनापन का अनूठा संगम प्रस्तुत किया, जिससे वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान और हर्ष देखने को मिला।

इनर व्हील क्लब के इस आयोजन ने सामाजिक सेवा और मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। क्लब की सदस्याओं ने इस माध्यम से यह संदेश दिया कि वृद्धजनों का सम्मान और उनके साथ समय बिताना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है।

### जिला पुरातत्व संग्रहालय मंडला में चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**मण्डला।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय म.प्र. भोपाल के तत्वाधान में कार्यालय संग्रहाध्यक्ष, जिला पुरातत्व संग्रहालय मण्डला में 20 सितम्बर को सेवा पर्व 2025 'शक्ति स्पंदन' अतीत के शक्ति स्पंदन के साथ आधुनिक शक्तिशाली भारत की अवधारणा के अवसर पर जिला पुरातत्व संग्रहालय मंडला में विद्यालय के छात्र-छात्रओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में मंडला नगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रूचि पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश तेकाम ने न केवल बच्चों के चित्रो का अवलोकन किया अपितु बच्चों के चित्रकला संबंधी समझ के लिये मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में अक्षत पटैल प्रथम, संस्कृति झारिया द्वितीय एवं धारणा मरकाम तृतीय स्थान पर रहे। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में डॉ. राजेश धुर्वे, गरिमा ताम्रकर, प्रशांत श्रीवास्तव, रितु धुर्वे, शिवम मिश्रा, विजय अग्रवाल, सुलोचना मेरावी, बिन्दु उईके, राधा धुर्वे, मनीष चन्द्रौल, नर्मदा झारिया, चन्द्रभान, पंकज झारिया, मनोज तेकाम, जतिन झारिया उपस्थित रहे।

### ग्राम मनौरी में प्रशासन आपके द्वार जन सेवा शिविर आयोजित...................................

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम बिछिया के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत के ग्रामों में 'प्रशासन आपके द्वार' अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नक्सल प्रभावित ग्राम मनौरी में शासन की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु प्रशासन आपके द्वार (जन सेवा शिविर) का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के कुल 225 हितग्राहियों के व्यक्तिगत/ सामुदायिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 125 आवेदनों का मौके पर त्वरित निराकरण कराया गया।

## पूज्य सिंधी पंचायत के नवीन पदाधिकारियों का हुआ गठन



*** पारस असरानी बने अध्यक्ष, गुलशन वरदानी बने सचिव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

श्री पूज्य सिंधी पंचायत मंडला के नवीन पदाधिकारियों का गठन हुआ। नियमित कार्यकाल के बाद नवीन पंचायत का चयन हुआ। इसमें अध्यक्ष पारस असरानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजानरेश खत्री,कनिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश गुरवानी, सचिव गुलशन वरदानी, सहसचिव शक्ति क्षेतीजा, कोषाध्यक्ष ईश्वर लालवानी, प्रचार प्रसार प्रभारी कैलाश बंटी गैलानी, कोठारी बृजलाल राजानी चयनित हुए। चयन में समाज के सभी परिवारों, वरिष्ठजनों का सहयोग रहा। नवीन पदाधिकारी के गठन के पश्चात अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सामूहिक रूप से आरती, अरदास की गई।समाज के नवीन दायित्वों के निर्वहन के लिए पंचायत सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। श्री गुरुद्वारा साहिब में पदाधिकारियों के साथ साथ समाज के परिवार शामिल हुए और सामाजिक क्षेत्र के विकास के लिए पंचायत सदस्यों से अपेक्षा की गई।

**शारदेय नवरात्र | शक्ति की आराधना की चल रही जोरदार तैयारियाँ।**

# शारदेय नवरात्र पर चहुंओर सज रहे पंडाल

*** व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन मुस्तैद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर में शारदेय नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर है जगह जगह दुर्गा पंडाल नवदुर्गा पूजन की बैठकी की तिथि के आठ दिन पूर्व से पंडाल बनने शुरू हो चुके हैं बाहर से आए पंडाल बनाने वाले कलाकार नई नई सजा सज्जा से पंडाल बनाने में लगे हैं।

रंग-बिरंगे मंच और उमंग पूर्ण उत्साह से तैयारीया की जा रही है नगर जनों के द्वारा शारदेय नवरात्रि की तैयारी में जुट गए समिति एवं आयोजन कर्ता जगह-जगह बाहर से आए कलाकारों के द्वारा माता रानी के मंडप को सजाने में नए-नए तरीके से लाइटिंग एवं साज सज्जा जिसमें बिछिया नगर बिनोद रंग मंच रामलीला दुर्गोत्सव मंच, वेयर हाउस कांप्लेक्स दुर्गोत्सव मंच, रेस्ट हाउस रोड पर स्पेशल मंच बनाया जा रहा है वहीं जतीपुर दुर्गोत्सव मंच का पंडाल निर्माण लाइट झालर से साज-सज्जा की जा रही है, ब्लाक रोड पर भी दुर्गोत्सव मनाने मंच तैयार किया जा रहा है, खेरमाई बड़ी बिछिया मंच, शिवहरे कांप्लेक्स भुआ, मुक्ति मार्ग में महा काली की स्थापना के साथ-साथ इस वर्ष स्थानीय बस स्टेड में भी माता रानी विराजमान होगी जिसकी तैयारियां जोरो से चल रही हैं मंच के साथ साथ लाइटिंग की भी व्यवस्था की जा रही है।



नगर परिषद भी नगर की साफ सफाई की व्यवस्था में लगा हुआ है शहर के सभी वार्डो में साफ-सफाई की जा रही है पेड़ों की शाखाएं जिससे रास्ता बंद हो रहा था उन्हें साफ किया जा रहा है सड़क नाली की सफाई की जा रही है।

### बड़ी खैरी में भक्ति का दिखेगा अद्भुत नजारा

धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम इस वर्ष बड़ी खैरी में देखने को मिलेगा। श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बड़ी खैरी अपने 54वें स्थापना वर्ष पर भक्तों के लिए भक्ति का अनोखा स्वरूप प्रस्तुत करने जा रही है। यहां पर विद्या महाशक्ति पीठ के तहत मां के दस दिव्य स्वरूपकृमां धूमावती, मां कमला, मां काली, मां बगलामुखी, मां मातंगी, मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां षोडशी और मां छिन्नमस्ता की स्थापना विधि-विधान से की जाएगी। बड़ी खैरी में हर साल होने वाला यह दुर्गा उत्सव अपनी अनोखी भक्ति और भव्यता के लिए प्रसिद्ध है। युवा वर्ग बुजुर्ग और मातृशक्ति सभी इस आयोजन में विशेष सहयोग देते हैं। इस बार भी आनंद मेला आकर्षण का केंद्र रहेगा। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने समिति पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत रूपरेखा तैयार की है। सुरक्षा यातायात और व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। केवल मंडला ही नहीं आसपास के जिलों से भी हजारों श्रद्धालु मां के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने बड़ी खैरी पहुंचेंगे। उत्सव समिति का मानना है कि यह अवसर भक्ति सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक एकता का अद्भुत प्रतीक बनेगा।

## टिकरिया थाने में शांति समिति की बैठक बुलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



थाना टिकरिया नारायणगंज में नवरात्रि पर्व पर्व पर शांति समिति की बैठक बुलाई गई जिसमें पंडालों एवं समिति के अध्यक्ष सचिव को बुलाया गया आसपास की समिति के सदस्यों एवं अध्यक्षों को शांति समिति में बुलाया गया एवं उनसे चर्चा की गई की अपने पंडालों में व्यवस्थित ढंग से नवरात्रि पर्व में लाइट व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था पंडालों में रात्रि में रुकने के लिए सदस्यों की उपस्थित ध्वनि प्रदर्शन में कम आवाज में लाउडस्पीकर एवं साउंड बॉक्स पर समय पर ध्यान दिया जाए साउंड बजाते समय धार्मिक गाने ही बजाए जाएं किसी प्रकार की कोई आदर गाने बजाने पर साउंड सिस्टम जप्त किया जाएगा तहसीलदार द्वारा सभी डीजे एवं साउंड वालों को हिदायत दी गई विद्युत विभाग द्वारा टी सी कनेक्शन सभी पंडालों एवं समिति वालों को समय पर टी सी भुगतान के लिए कहा गया एवं आसपास गलियों में जो विद्युत तार झूम रहे हैं उन्हें व्यवस्थित ढंग से विद्युत विभाग को सुधारने के लिए कहा गया बैठक में चिरईडोंगरी भावल कुडामैली नारायणगंज खैरी पड़रिया के सरपंच उपस्थित रहे शांति समिति में तहसीलदार संजय पटेले टी आई गोपाल घोसले रतन सिंह ठाकुर मगनलाल सोनी किशन तेकाम जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा दीपक पदम गया चक्रवर्ती अभिषेक शर्मा विपिन सोनी राकेश अग्रवाल श्याम पटेल विद्युत विभाग से लिलहरे पत्रकार राजेश सोनी आशीष सोनी सूरज सोनी एवं अध्यक्ष सचिव पंडालून के सदस्य आदि की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## चाकू से वार करते हुये किया घायल

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने चचेरे भाई शिवा जाटव के साथ गणेश दर्शन करते हुये अपने घर जा रहा था उसी दौरान रास्ते में सूरज जाटव मिला और बगैर कारण के गंदी गंदी गालियां देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा चाकूनुमा वस्तु से मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## आखिरकार इस स्टेट हाईवे के कब आवेगे अच्छे दिन.. निकल रहे गड्ढे व टूटती सड़क में लगातार परेशान हो रहे वाहन चालक

**हरिभूमि न्यूज/कौडिया।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मगर अक्सर देखा जाता है कि सरकार द्वारा सड़कों के लिए स्वीकृत की जाने वाली राशि का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सीयों द्वारा इस प्रकार से निर्माण किया जाता है कि वह जहां चंद दिनों में अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं बताने लगती है। वही दूसरी ओर आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय स्टेट हाइवे माने जाने वाले गाडरवारा करेली मार्ग पर ग्राम कौड़िया के अंदर के भाग में भी देखी जा रही है। बताया जाता है कि जब इस सड़क का निर्माण हुआ था तो गांव के अंदर जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जो गुणवत्ता को अपराया गया था उसी समय क्षेत्र के अखबारों द्वारा गुणवत्ता की सच्चाई को उजागर करते हुए क्षेत्र के नेताओं से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है। मगर उस समय अधिकाकारियों द्वारा बरती गई उदसीनता का परिणाम है कि इस सड़क पर निकल रहे गड्ढ़ो के चलते जहां वाहन चलाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर लोगों की जान के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। करोड़ो रूपया की लागत से लागत ग्राम कौड़िया के अंदर बनाई गई सीमेंट सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने के कारण यह सड़क जगह जगह से टूटने लगी है। सड़क के बीचों बीच जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए है, जिसके चलते यह गड्ढे राहगीरो के लिए जानलेवा सिद्ध हो रहे है, इस समय चल रहे बारिश के मौसम में सड़क पर निकले हुए गड्ढो में बरसात का पानी भरने के कारण दिखाई नही देते है और जब अचानक वाहन उनमें चला जाता है तो आये दिन छोटे वाहन चालकों को गिरते हुए देखा जाता है, इस सच्चाई को लेकर लगातार आवाज उठाने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिया जा रहा है,

## विद्युत खम्बों में मकडी की जाल की तरह उलझे हुये तार बारिश में बन रहे परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब बिजली लाईन बंद होती है तो बिजली विभाग के कर्मचारी निश्चित तौर अपनी जान जोखिम में डालते हुये कार्य करने में पीछे नही रहते है। मगर जिस तरह से बिजली खम्बों में अधिक कनेक्शन होने की स्थिति में खम्बों का हाल मकडी के जाल की तरह बन चुका है और वह अब बारिश के दिनों में परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहे है। क्योंकि जब किसी एक कनेक्शन में फाल्ट बनता है तो उससे निकलने वाली चिंगारी संपूर्ण कनेक्शनों को अपनी चपेट में लेकर आग का रूप धारण कर लेती है जिसके चलते संपूर्ण क्षेत्र की लाईन बंद होने से नही चूक पाती है। क्योंकि बिजली विभाग द्वारा वर्षों पुरानी बिजली लाईनों में किसी भी प्रकार का बदलाव नही किये जाने के कारण जहां उन लाईनों में तार टूटने के साथ साथ अन्य खराबियां होने के कारण किसानों को सप्लाई होने वाली बिजली में बाधित होना पड़ता है, वही आये दिन झूलते हुए बिजली तारों से निकलने वाली चिंगारियों के चलते क्षेत्र के किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसले राख होते हुए देखी जाती है?

# दादा धूनीवालों की नगरी सांईखेड़ा में वर्षों से बिछाई जा रही सीवरेज लाईन आज भी दिखाई दे रहा है अधूरा कार्य, जरा सी बारीश होते ही कॉलोनी व मुहल्लों में पैदल पहुंचना हो जाता है मुश्किल ...

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

शहर हो या फिर कस्बा वहां पर निवास करने वाले सभी लोग अपने क्षेत्र का विकास चाहते है। मगर कभी कभी देखा जाता है कि विकास कार्य को अंजाम तक पहुंचाने वाले लोगों द्वारा जिस प्रकार से कार्य किया जाता है। निश्चित ही वहां पर निवास करने वाले लोगों के लिये अभिशाप बनने से नही चूकता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में देखने मिल रही है। जहां पर लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये नल जल योजना के तहत सीवरेज पाईप लाईन डालने के लिये जिस प्रकार से बाहर से आई हुई एक कंपनी द्वारा छः सात साल पहले से किया जा रहा है। मगर वह आज भी अधूरा पड़ा होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस कार्य पूर्ण होने की अवधि समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्णतः की ओर नही पहुंच पाया है..? जिसका परिणाम है कि हर वर्ष बारिश का दौर शुरू होते ही नगर के लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूकता है। कुछ इसी तरह की सच्चाई इस समय चल रहे बारिश के दौर में देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि 33.73 करोड़ रूपया की अनुमानित लागत से पूर्ण होने वाली इस योजना के कार्य का शुभारंभ 5 अगस्त 2018 से शुरू होकर 2 दिसम्बर 2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य था। मगर यह कागजों में तो शायद पूर्ण हो चुकी होगी..? सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इस कार्य को जिस प्रकार से नगर के अंदर मुख्य सड़कों की खुदाई की गई है उसके चलते नगर के अंदर की स्थिति इस तरह की बनी हुई है कि जरा सी बारिश होते ही जहां लोगों को अपने घरों तक पैदल पहुंचना तक मुश्किल हो जाता है। क्योंकि नगर के अंदर मुख्य सड़कों के बीचों बीच की गई खुदाई के कारण सड़को का नामोनिशान मिट चुका था और सुधार के नाम पर निभाई गई औचारिकता के चलते जरा बारिश होते ही नगर की सड़को पर कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की गति धीमी होने के कारण यह परेशानी नगर के लोग बीते हुये










लगभग 6-7 साल से भोगते चले आ रहे है। वही दूसरी ओर जिस तरह से नगर परिषद द्वारा कुछ वर्ष पहले नगर के अंदर शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये जिन सीमेन्ट सड़को का निर्माण किया गया था वह सड़के भी इस योजना की भेंट चढ़ चुकी है जिससे नगर परिषद को भारी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। इस सच्चाई को लेकर नगर के लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इन सड़को की खुदाई एक साइड से करते हुये पाईप लाईन डाली गई होती तो निश्चित ही आम लोगों को परेशानी का सामना करने से निजात मिलने के साथ साथ सड़को को भी सुरक्षित बचाया जा सकता था। मगर इस कंपनी द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये नगर के अंदर मुख्य सड़को से लेकर कालोनियों में जिस तरह से बीचों बीच खुदाई कर दी गई है उसके चलते जहां नगर के लोग लगातार परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है..? जबकि बताया जाता है कि इस प्रकार से जल सप्लाई सहित अन्य लाईनों को यदि शहर के अंदर से डाला जाता है तो सड़कों के किनारे मजदूरों के माध्यम से खुदाई कराये जाने के नियम है? मगर यहां पर देखने मिल रहा है कि जिस प्रकार से नगर के अंदर सड़को की मशीनों के माध्यम से खुदाई की गई है उसके चलते नगर की सड़के पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त होने से नही बच पाई है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे निवास करने वाले लोगों के घरों को भी मशीन की धमश के चलते क्षति पहुंचते हुये देखी जा चुकी है? इतना ही नही यदि सड़क के बीचों बीच डाली गई इस पाईप लाईन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह सांईखेड़ावासियों को भविष्य में भी परेशानी का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि जब इस योजना का कार्य पूर्ण हो चुका होगा और उस दौरान यदि पाईप लाईन में कभी कोई गड़बड़ी पैदा हो जाती है तो उसे ठीक करने के लिये फिर सड़क के बीचों बीच खुदाई करते हुये ही उस गड़बड़ी को ठीक किया जा सकेगा। इस स्थिति में चलते नगर की सड़को की खुदाई की नौबत सदा ही बनते हुये देखी जावेगी। इस तरह सदा ही शहर में खुदाई को दौर चलने से नही चूक पायेगा? यदि इस पाईप लाईन को सड़क किनारे से डाली गई होती तो निश्चित ही नगरवासियों को वर्तमान समय से लेकर भविष्य में भी परेशानियों से निजात मिल सकती थी। यदि इस कार्य को मशीन की जगह मजदूरों से कराया गया होता तो निश्चित तौर से नगर के लोगों को परेशानी से नही जूझना पड़ता। क्योंकि मशीन के माध्यम से कराया गये कार्य के चलते सड़को की खुदाई सड़को के बीचों बीच से होने के कारण नगर की संपूर्ण सड़के जहां खराब हो चुकी है जो जरा सी बारिश होते ही जहां दलदल का रूप धारण कर लेती है और यह हाल नगर के अंदर सदा ही बना रहेगा क्योंकि पाईप लाईन में भविष्य में खराबी आने या फिर नया कनेक्शन देने के दौरान सड़को की खुदाई होना आम बात बन जावेगी? इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा समय रहते हुये किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण नगर की जनता को इस प्रकार की परेशानी सदा ही झेलते हुये देखा जाना आसम बात हो जावेगी?

# नर्मदा शुगर मिल ने आयोजित किया गन्ना उत्पादन तकनीकी कार्यशाला का आयोजन, मिल प्रबंधन ने किसानों को किया सम्मानित








**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** निश्चित तौर से किसी उद्योग की स्थापना उसके मालिक द्वारा की जाती है। मगर उसमें जब क्षेत्र के लोगों का सहयोग मिलता है तभी वह बुलंदियों को छूने में सफल होता है। यह बात सालीचौका नर्मदा शुगर मिल के संचालक विनित महेश्वरी द्वारा किसान भाईयों को सम्मानित करते हुये कही गई। इस दौरान उन्होंने शुगर मिल की स्थापना की शुरूआत से लेकर अभी तक के सफल पर प्रकाश डालते हुये कहा कि मैने जब इस शुगर मिल की शुरूआत की गई थी तो कभी कल्पना नही की गई थी इस स्तर तक पहुंच पायेगी। मगर मेरे क्षेत्र के किसान भाईयों द्वारा जिस तरह अपने खेतों में गन्ना का उत्पादन करते हुये जिस तरह मुझे सहयोग किया गया है उसका परिणाम है कि आज नर्मदा शुगर मिल बुलंदियों को छूने में पीछे नही है। ज्ञात हो कि बीते हुये दिवस नर्मदा सुगर मिल परिसर में बीते हुये दिवस एक दिवसीय गन्ना उत्पादन तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में उपस्थित महाराष्ट्र से आये गन्ना विशेषज्ञों ने किसानों भाईयों को गन्ना की उन्नत तकनीकी के लिए अपना अनुभव शेयर करते हुये जरूरी जानकारियों से अवगत कराया गया। वही कार्यक्रम में ड्रिप सिंचाई एवं एआई तकनीकी गन्ना उत्पादन तकनीक तथा सीजन में गन्ना क्रय करने की नीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपरोक्त कृषि संबंधी सभी विषयों पर कृषक संवाद भी किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के भारी मात्रा में कृषको ने शामिल होकर गन्ना उत्पादन करने की नई तकनीको को जाना। वही उन्नत और सबसे ज्यादा गन्ना बिक्रय करने वाले किसानों को नर्मदा सुगर मिल में अपना सहयोग देने वाले किसान भाइयों का मिल प्रबंधन ने साल श्रीफ़ल से सम्मानित किया गया। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री ने कहा कि मुझे इस बात का दुख हो रहा है कि मैं कार्यशाला में शामिल होने से बंचित हो गया हूं। मगर क्षेत्र के किसान भाईयों के लिये बडे ही गौरव की बात है कि क्षेत्र में स्थापित नर्मदा शुगर मिल अपने गन्ना उत्पादक किसान भाईयों के लिये समय समय पर इस तरह की कार्यशाला आयोजित करते हुये गन्ना उत्पादन के नई नई तकनीकियों से अवगत कराते रहे है। मिल प्रबंध महेश्वरी की सदा ही यह कार्यशैली रही है कि वह अपने किसानों भाईयों को सदा ही अपने परिवार का सदस्य मानते हुये उनके दुख दर्ज में कंधा से कंधा मिलाकर खड़े देखे जाते है।



## जनपद सांईखेड़ा में आयोजित हुआ यूडीआईडी/ डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** दिव्यांगजनों के यूडीआईडी/ डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस शनिवार को जनपद पंचायत सांईखेड़ा में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा यूडीआईडी कार्ड/ डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में विभिन्न श्रेणियों के 247 दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने की अनुशंसा की गई। आयोजित इस शिविर में जनप्रतिनिधि, सामाजिक न्याय, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, नगर परिषद व जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी और शाला प्रमुखों द्वारा दिव्यांग बच्चों को लाया गया। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण नरसिंहपुर ने बताया कि इस प्रकार से कल सोमवार 22 सितम्बर को सालीचौका में और परसो यानि की मंगलवार 23 सितम्बर को पीजी कॉलेज गाडरवारा में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा इन शिविरों में दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड/ डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।

# नवरात्र के दौरान होने वाले गरबा कार्यक्रमों में अश्लीलता रोकने के लिये विश्व हिन्दू परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** नवरात्र पर्व पूर्णरूप में माँ दुर्गा की आराधना का पर्व माना जाता है। इस दौरान नगर में अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन होते है। वही दूसरी ओर मुख्य रूप से गरवा के आयोजनों के दौरान अनेक लोगों द्वारा शहर से बाहर शादी घरो सहित अन्य जगहों पर इस तरह के आयोजन कराने के दौरान जिस तरह अश्लीलता की शिकायते मिलती है वह निश्चित तौर से चिंता जनक बनने लगी है। इसी के चलते शिव हिन्दू परिषद द्वारा बीते हुये दिवस पुलिस थाने में ज्ञापन सौपते हुये इस तरह धार्मिक आयोजनों के नाम पर हुडदंग लीला पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा थाना प्रभारी विक्रम रजक को सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हमारा धार्मिक त्योहार नवरात्री कल 22 सितम्बर से शुरू हो रहा है। जिसमें हम सभी हिन्दू माँ जगत जननी को शक्ति स्वरूप में पूजते है। वही गरवा का आयोजन कराते है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा हिन्दू संस्कृति को दूषित करने के लिये गरवा आयोजन को भक्ति की जगह मनोरंजन का साधन बनाने का प्रयास करते हुये देखे जाने लगे है। जिसके चलते हम मांग करते है कि गरवा आयोजन समितियों द्वारा समय सीमा निर्धारित की जावे। गरवा एवं देवी पंडालों में प्रवेश केवल माँ दुर्गा की पूजन करने वाले हिंदू श्रद्वालुओं तक सीमिम हो विधर्मी व संदिग्ध लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जावे। यदि किसी विद्यालयों में गरवा का आयोजन होता है तो छात्रा छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की होनी चाहिये। गरवा के आयोजन में अश्लील व फिल्मी गानों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जावे। पंडालों का स्वरूप पूर्ण पारंपरिक, सांस्कृतक एवं मर्यादित रहे। पश्चिमी संस्कृति का अंधानुकारण किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किया जावेगा। वही नवरात्र के दौरान मांस, मछली तथा अंडा की दुकाने प्रतिबंधित की जावे। वही आयोजन स्थलों पर जरूरी सुविधायक शौचालय व साफ सफाई की व्यवस्थाये बनाई जावे। वही ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यिद इन मांगों को नजर अंदाज किया गया तो विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा जन अंदोलन करने के लिये बाध्य होना पडेगा।

# एक सप्ताह पहले सालीचौका किराना दुकान में सेंध लगाने वाले आरोपी की खोज में सफल हुई पुलिस, पार किया माल हुआ जप्त







**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** सालीचौका पुलिस द्वारा एक सप्ताह पहले जिस तरह से एक ट्रेक्टर ट्राली सहित रोटर बेटर चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने की सफलता पर खुशी मना रही थी। मगर उसी रात एक अज्ञात चोर द्वारा जिस तरह मुख्य बाजार की किराना दुकान में सेंध लगाते हुये चोरी की घटना को अंजाम देते हुये पुलिस के लिये चुनौती दी गई थी उसके चलते पुलिस की सफलता की खुशी पर ग्रहण लगाने से नही चूक पाया था। इस तरह किराना दुकान के अंदर घुसकर चोरी करने वाले आरोपी की सच्चाई वहां पर लगे हुये गुप्त केमरे में कैद होने से नही चूक पाई थी। इस तरह बीच बाजार में घटित हुई चोरी की घटना की सच्चाई पर जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा चौकी प्रभारी को आरोपियों की खोजबी बीन के लिये सख्त आदेश जारी किये गये थें। इस तरह खुलेआम पुलिस को चुनौती देने की तरह प्रतीत होने वाली इस घटना को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। बनाई गई इस टीम में टी आई विक्रम रजक के आलवा सालीचौका पुलिस चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ सहित प्रधान आरक्षक करन सिंह, आरक्षक हरि शंकर पटवा, राजेन्द्र धाकड़, जमना प्रसाद रजक, हरि शंकर, अक्षय श्रीवास्तव, सैनिक हेमराज सिंह को शामिल किया गया था। इस तरह दुकान के अंदर लगे हुये गुप्त केमरे में कैद हुई आरोपी की तस्वीर के चलते पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये आरोपी की खोजबीन के लिये जाल बिछाया गया। वही संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा रमेश उर्फ भूरा रजक निवासी करेली को अपनी हिरासत में लेते हुये जब पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा किराना दुकान में चोरी करने की बात स्वीकार करते हुये चोरी किया गया माल छिपाकर रखा हुआ था वह पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस तरह पुलिस टीम द्वारा आरोपी के पास से चोरी किये गये तेल के डिब्बे, दाल, ड्रायफ्रूटस, बीड़ी के पैकिट चाय पत्ती सहित अन्य प्रकार की किराना सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई। चोर को पकड़ने की सफलता का खुलासा करते हुये चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ द्वारा बताया है कि प्रार्थी आजाद गुप्ता निवासी सालीचौका द्वारा रिर्पोट दर्ज कराते हुये बताया गया था कि उनकी किराना दुकान में किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। इसके चलते वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में गठित की गई टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करते हुये उसके पकड़ते हुये उसके पास से चोरी की गई सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। वही गिरप्तार किये गये आरोपी को न्यायालय में पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने के प्रयास किया जा रहा है कि इसके आलवा उसके द्वारा अन्य और किन जगहों पर चोरिया की गई है। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपी से की जा रही पूछताछ से अनुमान है कि अन्य चोरियों को और भेंद खुल जावे...?

## खाटू श्याम से 73 दिन की पैदल यात्रा करते हुये नगर पहुंचे अंशुल का किया भव्य स्वागत





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हमारे हिन्दू धर्म में लोगों के दिलों में जिस तरह भक्ति की आस्था देखने मिलती है उसका शायद ही कही तोड़ मिल पायेगा..? क्योंकि भगवान की आराधना के लिये जहां लोगों को अपने ईष्ट देवों तक सरे भरते हुये जाते देखा जाता है तो कुछ लोगों को पैदल जाने में भी पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार से नगर के अंशुल कौरव खाटू श्याम की यात्रा करने के बाद वहां से 73 दिन तक पैदल यात्रा करने के बाद जब नगर पहुंचे तो लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर भगवान खाटू श्याम की भव्य शोभा यात्रा निकालते हुये पूजन किया गया। इस तरह भगवान खाटू श्याम के प्रति अंकुश की आस्था को लेकर लोगों में हर्ष देखने मिल रहा है। क्योंकि कहा जाता है कि जो भी भक्त इस कलयुग काल में भगवान खाटू श्याम की शरण में पहुंचता है वह कभी खाली हाथ नही लौटता है।

## आटो चालकों द्वारा खुलेआम किया जा रहा यात्रियों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़



**गाडरवारा।** इस समय नगर सहित क्षेत्रों सड़कों पर दौड़ रहे आटों चालकों की इस प्रकार की मनमानी देखने मिल रही है कि वह जहां यातायात व्यवस्था को बदहाल बना रहे है, वही दूसरी ओर आये दिन देखा जाता है कि जहां तहां आटों खड़े कर दिये जाने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर ओवर लोडिंग आटों चलाना आम बात हो रही है? इतना ही नही पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तो इन आटों चालकों के हौसले इतने बुलंद दिखाई पड़ने लगे है कि वह आटों में सबारी करने वाले यात्रियों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिलवाड़ करते हुए देखे जा रहे है। इस बात की सच्चाई उस समय देखने मिली जब एक आटों में सबारियों के साथ साथ गैस सिलेण्डर भरकर सड़क पर दौड़ाया जा रहा था, इस प्रकार से जहां किसी आटों में गैस सिलेण्डर परिवहन करना नियम विरूद्व माना जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से सबारियों के साथ खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ ही जान पड़ रहा है? मगर इसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देना इस बात को संकेत देते हुए जान पड रहा है कि शायद पुलिस प्रशासन ही किसी बडी घटना का इंतजार करते हुए देखा जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## श्री कल्याण सेवा आश्रम में कल से शारदीय नवरात्र महोत्सव का भव्य शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** नवरात्रि के पावन पर्व में परम पूज्य बाबा कल्याण दास जी के आशीर्वचन, संत सम्मेलन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। परम पूज्य बाबा कल्याण दास जी महाराज के आशीर्वचन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और मार्गदर्शन मिलेगा। विभिन्न संतों और धार्मिक विद्वानों के प्रवचनों और चर्चा से श्रद्धालुओं को ज्ञान और आध्यात्मिकता का लाभ मिलेगा। आश्रम द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु अपने आप को धन्य महसूस करेंगे। श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक गतिविधियों में सराहनीय योगदान देता है। आश्रम के प्रमुख परम तपस्वी बाबा कल्याण दास जी महाराज 47 वर्षों से अधिक समय से सेवा और समाज सेवा के कार्यों में संलग्न हैं। श्री कल्याण सेवा आश्रम में शारदीय नवरात्र महोत्सव एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान, ऊर्जा और आनंद की प्राप्ति होगी। आश्रम की गतिविधियों और कार्यक्रमों में सहभागिता करके आप अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

## एसईसीएल के क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कॉलरी में रक्तदान शिविर संपन्न



**बदरा/जमुना।** 20 सितंबर को एसईसीएल क्षेत्रीय चिकित्सालय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जमुना कोतमा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक अभिराम त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेन्द्र टुडू के द्वारा द्वारा भगवान श्री गणेश जी के मूर्ति में फूल चढ़ा कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारम्भ किया गया इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय चिकित्सालय के वरि. डॉ. आर. पी. यादव, डॉ निपुन, गौतम कुमार मित्रा (मुख्य फार्मासिस्ट), मैट्रन श्रीमती जॉली जोसफ, श्रीमती मरीना बाबू एवं जिला चिकित्सालय अनूपपुर के ब्लड बैंक से आये डॉ. एवं सभी स्टाफ ने अपना भरपूर सहयोग दिया. यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आरम्भ किया गया, जिसमे क्षेत्रीय चिकित्सालय डॉ. निपुन डा. देबोरनी, डॉ. रौशनी एवं चिकित्सालय से दो फार्मासिस्ट जगत पाल साहू एवं संतोष भारती ने अपना रक्तदान दान कर अस्पताल का मान बढाया यह शिविर शाम 5.00 बजे तक चला जिसमे कुल 21 लोगो ने अपना रक्त दान किया, जिला चिकित्सालय अनूपपुर एवं एस ई सी एल क्षेत्रीय चिकित्सालय कोतमा कालरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा देवेन्द्र टुडू के द्वारा जिन्होंने इस शिविर में जिन्होंने भी रक्त दान किया उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## स्कॉर्पियो के नाबालिग चालक को भेजा गया संप्रेक्षण गृह रीवा

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** थाना रामनगर अंतर्गत दिनांक 11 अगस्त 2025 को प्रातः 09:30 से 10:00 बजे के बीच एनएच-43 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो (एमपी 18 जेडजी 0613), जिसमें 09 सवार थे, ने सामने से आ रही बाइक (एमपी 65 एमए 3418) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अमृत चौधरी (30 वर्ष), निवासी उड़तान थाना कोतमा, की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई और दीवार से जा टकराई, जिससे वाहन में सवार कई लोग भी घायल हुए थे।

# लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के निर्देश

**कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

डिंडौरी ।



इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी, परियोजना अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रहे प्रमुख शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा आगामी कार्यों के लिए दिशा-निर्देश देना था। सेवा पखवाड़ा अभियान पर समीक्षा बैठक में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण, वृद्धजन कल्याण और महिला स्वास्थ्य जैसे विषयों से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता से संचालित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाई जाए और आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने आर.बी.सी. 6-4 के तहत लंबित राहत प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन परिवारों को प्राकृतिक आपदाओं या दुर्घटनाओं के कारण नुकसान हुआ है, उन्हें समय पर राहत राशि वितरित की जाए। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पीड़ति परिवारों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

### खरीफ फसल उपार्जन की तैयारी

बैठक में खरीफ फसल उपार्जन के लिए की जा रही तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। समय पर तुलाई, भुगतान और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बजाग, शहपुरा एवं तहसीलदार डिंडौरी और नायब तहसीलदार समनापुर को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय पर निराकरण न करने पर अपर कलेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक बिना सूचना दिए बैठक से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं की प्रगति की लगातार निगरानी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य किए जाएं ताकि जिले की सभी योजनाएं एवं कार्यक्रम निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो सकें बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एलडीएम रविशंकर सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र जाटव, सीएमएचओ अमित तिवारी अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

# ग्रामीणों ने की चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग





डिंडौरी।

जनपद पंचायत समनापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत प्रेमपुर के खुड़िया स्कूल टोला में गांव के गौचर गौठान चरनोई भूमि को गांव के कुछ दबंगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया हैं। जिससे परेशान होकर गांव के कुछ ग्रामीणों ने चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की आवाज उठाई और हल्का पटवारी से चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की बात रखें ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार हल्का पटवारी 20 सितंबर को मौका स्थल पर पहुंच कर राजस्व रिकार्ड अनुसार मौके का चिन्हांकन कर पंचनामा तैयार कर कागजी कार्रवाई उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दी गई हैं। प्रदेश सरकार के नियमानुसार प्रत्येक गांव में दो प्रतिशत भूमि चरनोई के नाम पर छोड़ी गई हैं। परंतु किसी भी गांव में चरनोई भूमि उपलब्ध नहीं हैं। क्योंकि अधिकांश भूमि में अतिक्रमण किया जा चुका हैं। जिससे पशुपालकों को मवेशी चराने के लिए जगह ही नहीं बची हैं। चरनोई भूमि के साथ नदी नाले तक में अतिक्रमण हो चुके हैं। जिस वजह से मवेशियों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा हैं। कुछ जगह तो नाले तक गायब हो गए हैं। इसके साथ ही नदी की चौड़ाई तक कम कर दी गई हैं। आधे नदी में अतिक्रमणकारियों द्वारा खेती की जा रही हैं। इस वजह से पशुपालन से किसानों का मोहभंग होते जा रहा हैं। जबकि शासन द्वारा कृषकों को पशुपालन में प्रोत्साहन स्वारूप 25% तक का अनुदान देने का प्रावधान रखा गया हैं। जिस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अपने हर मंच से इस महत्वपूर्ण योजना का ऐलान किया जा रहा हैं। नदी, नाले एवं चरनोई भूमि अतिक्रमण मुक्त होने से किसानों को पशुपालन की ओर लौटने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। जिससे क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन एवं जैविक खेती को भी बल मिलेगा। ऐसे भी शासकीय भूमि का बंदरबांट किया जा रहा हैं। शासकीय भूमि का बटांकन कर निजी नामों में दर्ज कर दिया गया हैं। साथ ही रकवा भी बढ़ा दिया गया हैं। अब नए पटवारी सीमांकन करवाने जाएंगे तो स्वाभाविक विवाद, लड़ाई, झगड़ा एवं मारपीट होगा ही जिससे किसानों की समस्या दिनों दिन बढ़ते ही जा रही हैं। किसानों की समस्या के निराकरण तभी होगा जब चरनोई भूमि के साथ शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त हो जाये।



# पीएम उषा योजना अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

डिंडौरी ।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चंद्र विजय पीजी कॉलेज डिंडोरी में पीएम उषा योजना के अंतर्गत संगीत प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगीत आत्मिक शांति प्रदान करता है तथा मनुष्य को स्फूर्ति से भर देता है। उन्होंने कहा कि युवाओं ने सफलतापूर्वक संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, जो भविष्य में वार्षिक समारोह एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी कला का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे और जिले में अपनी अलग पहचान बनाएंगे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. बेलिया ने कहा कि संगीत की परम्परागत एवं पाश्चात्य शैली मानसिक आत्मविश्वास को बढ़ाती है, जो शिक्षा एवं जीवन में सफलता दिलाने का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि महाविद्यालय का चयन पीएम उषा योजना के लिए होना गर्व की बात है। संगीत विधा प्रभारी डॉ. विजलेश धुर्वे ने प्रशिक्षण को रोजगारपरक, आत्मनिर्भरता और स्वस्थ जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि आज वितरित किए गए प्रमाण पत्र विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रदान किए गए हैं इस अवसर पर श्री एस.के. शर्मा, जिला समन्वयक ने योजनाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को उनकी उपयोगिता समझाई।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संगीत विधा प्रभारी डॉ. धुर्वे द्वारा किया गया। समारोह में महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं के पुनर्वास हेतु कलेक्टर के निर्देश



डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार शहर में मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं असमर्थ महिलाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित विभागों को उनके संरक्षण एवं पुनर्वास हेतु निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने इन महिलाओं को कपड़े एवं खाद्य सामग्री वितरित की। इस प्रकार की अन्य महिलाएँ खुले में घूमते हुए असुरक्षित स्थिति में रहती हैं, जिससे उनके साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर परिषद तथा पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ कार्यवाही करते हुए ऐसी महिलाओं के पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस विषय पर त्वरित निर्णय लेकर सुरक्षित आवास, उपचार एवं देखभाल की व्यवस्था की जाए।

# राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत अपार आईडी एवं आभा आईडी तैयार कराने का विशेष अभियान

डिंडौरी।



कलेक्टर डिंडोरी श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सक्रिय टीम के नेतृत्व में जिले की समस्त परियोजनाओं में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत विविध जागरूकता एवं सेवा आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत अपार ( APAAR ) आईडी एवं आभा ( ABHA ) आईडी तैयार कराने का विशेष अभियान 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को डिजिटल पहचान से जोड़ना, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं को सुलभ बनाना तथा आधुनिक तकनीक का लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं सामुदायिक स्थलों पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें आभा आईडी पंजीकरण शिविर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं से डिजिटल रूप से जोड़ने हेतु। अपार आईडी निर्माण विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक पहचान पत्र तैयार कराना। पोषण परामर्श एवं जागरूकता सत्र महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित आहार, एनीमिया नियंत्रण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। पुरुषों एवं युवाओं की सहभागिता उन्हें परिवार के स्वास्थ्य और पोषण में अपनी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस अभियान से वंचित न रहे। विभिन्न विभागों के सहयोग से यह अभियान एक उत्सव के रूप में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संपन्न हो रहा है।





# आदि कर्म योगी अभियान की चर्चा की गई

गाडासरई

डिंडोरी जिले के ब्लॉक बजाग के ग्राम पंचायत बरगांव के क्लस्टर भोकाडोंगरी में दिनांक 20/09/2025 दिन शनिवार को आदि कर्म योगी टीम के द्वारा शासन के निर्देश अनुसार भ्रमण किया गया एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीण लोगों को जानकारी दी गई आदि कर्मी योगी अभियान का मूल उद्देश्य भारत सरकार की मंशानुरूप जनजातीय संवर्ग के अंतिम छोर के व्यक्तियों तक शासन की समस्त योजनाओं को लाभ दिलाना है। इस कार्यक्रम में उदय ठाकुर (शिक्षा विभाग) दुर्गेश श्याम( बरगांव पंचायत सचिव) एवं पूरी टीम ने विस्तार से शासन की योजनाओं के बारे मैं ग्रामीण लोगों को बतलाया गया एवं उनकी मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में चर्चा की गई ।

# जैविक खेती के लिए किसानों से संपर्क कर जागरूकता रैली का आयोजन




अमरपुर।

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जैविक खेती के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो स्वयं सेवक छात्र- छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से किसानों को जैविक खेती से होने वाले लाभ एवं रासायनिक खाद और कीटनाशकों से होने वाले हानि से अवगत कराया गया। वर्तमान समय में रासायनिक खेती और उनके उपयोग से हम सभी मानव समाज व पेड़-पौधे एवं जीव जंतुओं को अप्रत्यक्ष रूप से प्रति दिवस ही हमारे शरीर को विभिन्न बीमारियों से शारीरिक को हानि पहुंचाने संबंधित जानकारी प्रदान की गई हैं। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही डॉ. सीमा डावर एवं स्टॉफ ने भी जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया और कैसे अपने आने वाली पीढ़ी की भविष्य को सुरक्षित रख सकते हैं। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. निगहत खान, हुस्नआरा अंसारी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बेहतर पर्यावरण एवं स्वच्छता के लिए सभी को मिलकर करना चाहिए प्रयास

हरिभूमि न्यूज कटनी

शासन निर्देशानुसार 2 अक्टूबर तक आयोजित होनें वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नगर निगम कटनी द्वारा रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव उत्पन्न करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास की भावना को सशक्त करने का प्रयास किये जा रहे है। नगर पालिक निगम द्वारा पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित गतिविधियों के तहत नगर के एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई कराई जाकर शौचालयों की दीवारों, फर्श, नल, और अन्य उपकरणों की विशेष साफ-सफाई की गई।

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से दो की हुई मौत



**गोटेगांव।** थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भामा में पिता और पुत्र अपने खेत गए हुए थे तभी अचानक से 7 साल का पुत्र तनिष्क ठाकुर खेत के पास बने तालाब में चला जाता है तभी पिता हरिशंकर ठाकुर और उसका दोस्त महेश यादव तनिष्क तालाब में जाने से मना करती हैं और जब तनिष्क तालाब में डूबने लगता है तो उसको बचाने हरिशंकर का दोस्त महेश यादव तालाब में उतरता है और तालाब का जलस्तर अधिक होने के कारण 7 वर्षीय तनिष्क और महेश यादव 47 वर्ष की पानी में डूबने से मौत हो जाती है,, मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया गया।

### वेदु सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के वेदु ग्राम पंचायत निवासी ग्रामीण गोटेगाव के sdm कार्यालय पहुँचे और उन्होंने ज्ञापन सौपते हुए बताया कि ग्राम सरपंच के द्वारा आंगनवाड़ी बाउंड्री बॉल का निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं।जिसको लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई थी और कुछ दिन पूर्व sdm को ज्ञापन सौपा था और sdm के आदेश पर कार्य पर रोक भी लगी लेकिन सरपंच ने sdm के आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया वही ग्रामीणों का कहना हैं कि जिस जगह में मोहल्ले वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम करते है उस जगह में निर्माण का ग्रामीण विरोध कर रहे है। इस कारण से शुक्रवार 5 बजे sdm को आवेदन दिया और जांच कर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग हैं।

### भारत में नहीं दिखेगा सूर्यग्रहण श्राद्ध तर्पण पर कोई प्रभाव नहीं



**तेंदूखेड़ा।** आज पितृ मोक्ष अमावश्या पर लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह ग्रहण न्यूजीलैंड पश्चिमी अंटार्कटिका दक्षिणी प्रशांत महासागर में दिखाई देगा। ग्रहण एक दृश्य पर्व है ।जहां दिखाई देता है वहीं इसका प्रभाव होता है। इसलिए इसका किसी भी प्रकार का सूतक बेध यम नियम नहीं माना जायेगा।संवत 2082 में दो सूर्यग्रहण और दो चन्द्र ग्रहण लगने हैं। दोनों सूर्यग्रहण भारत में दिखाई नहीं देंगे।

**सर्व पितृ अमावस्या महालय समाप्ति आज** आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से प्रारंभ पितृ पक्ष आज सर्वपित्री अमावश्या के साथ समाप्त हो जायेगा।आज अज्ञात तिथि बाले पितरों और चतुर्दशी के दिन मृत्यु को प्राप्त लोगों के निमित्त श्राद्ध करना चाहिए। अथवा पितृपक्ष में सूतक आदि किसी कारण वश पुण्य तिथि पर श्राद्ध न करने पर आज अमावश्या को श्रा छतद्ध किया जा सकता है। श्रद्धा पूर्वक श्राद्ध तर्पण और पितरों के पूजन के साथ पितृ विसर्जन कर महालय का समापन हो जायेगा।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन 22 को



**तेंदूखेड़ा।** नगर की अग्रवाल समाज द्वारा अपने कुल युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जी का जयंती महापर्वविगत 18 सितंबर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शुरू हो गई है।जो 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती शोभा यात्रा के साथ संपन्न होगी।नगर के बीच श्रीराम जानकी मंदिर परिसर के बाजू से अग्रसेन भवन में अलग-अलग दिवसों में छोटे छोटे बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

---

### असाक्षरों का तिलक लगाकर किया उत्साहवर्धन

# 1265 केंद्रों पर आयोजित हुई मूल्यांकन परीक्षा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा नव भारत साक्षरता सामाजिक चेतना केंद्रों पर आयोजित हुई। जिले के 1265 सामाजिक चेतना केंद्रों पर हुई मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता की परीक्षा आयोजित की गई। कलेक्टर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अध्यक्ष श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में असाक्षरों के मूल्यांकन परीक्षा पूर्व प्रश्न-पत्र, पेन एवं नामांकन प्रपत्र का जिला शिक्षा केंद्र से जिला सह समन्वयक द्वारा समस्त विकासखंड सह समन्वयक को सामग्री वितरण किया गया जिसे सभी उल्लास नव भारत साक्षरता सामाजिक चेतना केंद्रों को उपलब्ध कराया गया।

#### तिलक लगाकर किया स्वागत

असाक्षरों के मूल्यांकन के दौरान प्रभारी डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव एवं प्रभारी डीपीसी मनीष चैकसे द्वारा नरसिंहपुर विकासखंड के सामाजिक चेतना केंद्रों का अवलोकन किया गया। डाइट प्राचार्य द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला बारूरेवा, सामाजिक चेतना केंद्र भैंसा पाला, एकीकृत माध्यमिक शाला लौकीपार, के अवलोकन के दौरान असाक्षर सिया बाई, रामकला बाई से मूल्यांकन के दौरान साक्षरता पर चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। डीपीसी द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला लौकीपार, एकीकृत माध्यमिक बालक शाला सिंहपुर बड़ा, माध्यमिक शाला धुवघट का अवलोकन किया गया। एकीकृत माध्यमिक शाला धुवघट में शकुन यादव, विनीता मेहरा, लेखा मेहरा सहित 40 असाक्षरों द्वारा मूल्यांकन पूर्व संगीत के साथ सांस्कृतिक गीत, भजन प्रस्तुत कर आनंददायी वातावरण निर्मित कर दिया। वहीं सभी केंद्रों पर असाक्षरों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर विकासखंड सह समन्वयक विजय नामदेव, नोडल अधिकारी शिखा शर्मा, संकुल सह समन्वयक देवकरण चैधरी, अक्षरसाथी उपस्थित रहे।

#### अधिकारियों ने किया अवलोकन

विकासखंड करेली अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत



मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा का अवलोकन विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद वर्मा वर्मा, प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा एवं बीआरसी प्रमेंद्र सिंह जाट, जिला साक्षरता कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश राजोरिया जनशिक्षक नितिन नारोलिया बृजेश पाराशर एवं संतोष ठाकुर के द्वारा करेली के राजेंद्र वार्ड, राम वार्ड निरंजन वॉर्ड सामाजिक चेतना केंद्रों का अवलोकन किया गया। नामांकन के अनुसार सभी परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए। सामाजिक चेतना केंद्र में परीक्षार्थियों को पेन एवं पुष्प कुछ देकर उत्साहित किया गया। जिले में हुई उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा में बी आर सी, भी ए सी, जन शिक्षकों, संकुल सह समन्वयक, अक्षर साथी का सहयोग रहा।

### संभाग स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव सम्पन्न



जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. बी.एस. शर्मा एवं संस्था प्राचार्य जी. एस. पटैल के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव 2025 प्रतियोगिता स्थान शासकीय पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल उ. मा. वि जबलपुर में जिला स्तर प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न विद्याओं में चयनित छात्रों के द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान की गई। विद्यालय से सामूहिक वादन में छात्र - कृष्णा सोनी, प्रिंस चैधरी, शेख सिमोइल उस्मानी, शुभ मेहरा प्रथम स्थान, एकल ताल वाद्य में छात्र नमन पटेल तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर एकल शास्त्रीय नृत्य में छात्रा यशु चौरसिया एवं द्वि आयामी दृश्य कला में अंजली वर्मा ने अपनी सहभागिता प्रदान की। छात्र-छात्राओं के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्राचार्य जी. एस. पटैल द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया।

---

### विधायक को ट्रेन स्टॉपेज हेतु महिला संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज करवाने हेतु क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश महिला संगठन में एक ज्ञापन सौपा, ज्ञापन में उल्लेखित करते हुए मांग की हैकि सर्व विदित हैकि श्रीधाम (गोटेगांव)रेल्वे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण क्षेत्र वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,क्योंकि गोटेगांव तहसील के ऊर्जावान छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर बेंगलुरु हैदराबाद मुंबई चेन्नई नोएडा जैसे स्थानों पर नौकरी करने जाते हैं जिन्हें अपने गंतव्य स्थान से जाने के लिए कोई लंबी दूरी की बड़ी ट्रेन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें जबलपुर अथवा नरसिंहपुर आना जाना पड़ता है,फिर वहां पर घंटो इंतजार करने के उपरांत वहां से अपने गंतव्य की जाने वाली ट्रेन पकड़ना पड़ती है जिसकी वजह से विद्यार्थियों का समय एवं पैसा बर्बाद होने के साथही उनके माता-पिता को विभिन्न प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ती है, इतना ही नहीं क्षेत्र के बड़े- बड़े व्यापारी भी दूर दराज क्षेत्रों से व्यापार हेतु खरीदारी करने आने जाने में उनका भी समय एवं पैसा दोनों ही बर्बाद होने के अलावा उन्हें भी ट्रेन पकड़ने के लिए जबलपुर अथवा नरसिंहपुर जाना पड़ता है, अतः महोदयजी से निवेदन हैकि श्रीधाम(गोटेगांव) रेल्वे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेन जैसे जबलपुर से इंदौर जाने वाली ओवरनाइट,संघमित्रा पवन एक्सप्रेस,जबलपुर से यशवंतपुर आदि ट्रेन जो लंबी दूरी तय करती हैं उनको श्रीधाम(गोटेगांव ) स्टॉपेज करने हेतु श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, अनिताराय एवं सोनल नामदेव एवं समस्त क्षेत्र वासियों के द्वारा विधायक जी से निवेदन किया गया, हम सभी क्षेत्रवासियों का मानना हैकि आपके प्रयास से उक्त ट्रेनों का श्रीधाम रेल्वे स्टेशन पर स्टॉपेज संभव हो जाने से क्षेत्रवासियों की एक बहुत बड़ी समस्या का निदान होने के साथही गाडरवारा से श्रीधाम आने के लिए 11बजे के बाद शाम तक बीना के पहले कोई ट्रेन भी उपलब्ध नहीं है,अतः 12बजे के बाद गाडरवारा से जबलपुर की ओर जाने वाली एक लोकल ट्रेन की सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए तो जनहित की दृष्टि से आपका यह प्रयास विधानसभा वासियों के लिए सार्थक होगा

## सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** विगत 17 सितंबर से आने वाले 2 अक्टूबर तक माननीय प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है।जिसके तहत विगत दिवस शासकीय स्वास्थ्य क्रेन्द्र तेंदूखेड़ा में रक्तदान स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने रक्तदान किया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल नगर परिषद अध्यक्ष बिष्णु शर्मा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटैल पार्षद संतोष पटेल राजीव अग्रवाल जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र गंगोलिया मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज शिवदयाल खैरोनिया महीष मोदी रामकुमार ठाकुर राजू पाली ईश्वर गुर्जर डबबल कोरी संतोष पटैल मनीष चौबे एड गगन अग्रवाल ठा श्याम सिंह सुजीत दुबे प्रंशात घोसी संतोष लोधी राहुल रजक सहित अस्पताल का स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।

### आदिवासी ग्राम मर्रावन में ग्राम सभा का आयोजन



**तेंदूखेड़ा** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजाति विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आदिवासी ग्राम पंचायत मर्रावन में भ्रमण किया गया स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को जाना गया फिर सामुदायिक कार्य हितग्राही मूलक कार्यों का ग्राम सभा के माध्यम से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान ग्राम सभा सदस्यों के द्वारा अधिकारी वर्ग के समक्ष जो मांगे रखी गई उन्हें पंजीबद्ध किया गया। इस ग्राम सभा में जनजाति कल्याण विभाग से रतन सिंह गड़ेवाल सुपरवाइजर महिला बाल विकास राजेश्वरी मेहरा पी एच ई विभाग अनामिका श्रीवास्तव सरपंच श्रीमती संजो बाई सचिव कढोरीलाल केवट प्राचार्य बलबंत सिंह ठाकुर जनशिक्षक त्रिलोक जैन पटवारी सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा महाराज सिंह लोधी रोजगार सहायक सचिव कौसा गोंड़ पुष्पा सेन हल्कीबाई ठाकुर सहित ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बार-बार हो रही बिजली गुल से खराब हो रहे बिजली उपकरण



**गोटेगांव।** करकबेल क्षेत्र अंतर्गत एक माह से लगातार लाइट फॉल्ट हो रही है जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है की 24 घंटे वाली सुचारू रहने वाली लाइट कम से कम 20 बार दिन में बंद चालू की जाती है रात्रि में अत्यधिक लाइट काटी जा रही है पूर्व में भी संबंधित अधिकारीयों को इस लाइट के विषय में जानकारी दी जा चुकी है उसके बाद भी कोई सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है विभागीय लापरवाही के चलते परेशान होकर ग्रामीणो ने स्थानीय एमपीवी ऑफिस पहुंचकर मुख्य अभियंता के नाम से एक ज्ञापन सौंपा जिसमें चेतावनी देते हुए बताया कि यदि स्थानीय क्षेत्रवासियों के बिजली की समस्या का हल नहीं होगा तो ऑफिस के सामने धरना देंगे !

अटल ज्योति का नाम रखकर आदरणीय वाजपेई जी को दुखी किया जा रहा है इस समय कृषकों की सिंचाई का लोड भी नहीं है पर आए दिन लाइट नदारत रहती है। विगत 6 माह से एमपीवी ऑफिस जूनियर इंजीनियर यहां पर पदस्थापना नहीं होने से लगभग संबंध संबंधित क्षेत्र के 40-50 गांव एवं स्थानीय नागरिक अपनी समस्याओं का हल नहीं करवा पा रहे हैं अतः वरिष्ठ संबंधित विभागीय अधिकारीयों को ध्यानाकर्षित कर यथा उचित बिजली व्यवस्था संचालित करना चाहिए ज्ञापन सौंपते समय ग्रामीण राहुल लोधी शंकर पटेल सुरेंद्र सक्सेना नीरज झरिया नीलेश मेहरा रोहित पटेल हर्षित पटेल संदीप सेन अभिलाष पटेल, दीपक साहू, राकेश तिवारी बेनी रजक सहित अन्य ग्रामीण जन मौके पर उपस्थित रहे

## कामेश्वर मंदिर में की जा रही रामचरित मानस की व्याख्या

**गोटेगांव।** विगतदिवस झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित कामेश्वर मंदिर में रोजाना शाम 4:30 बजे से पितृपक्ष के उपलक्ष में राम किशोर शास्त्री द्वारा रामचरितमानस की व्याख्या भगवान कामेश्वर मंदिर में की जा रही है साथ ही आगंतुक सभी सन्यासी ब्रह्मचारी संत महात्मा ब्राह्मण देवताओं का पूजन किया जा रहा है जिसमें सतगुरु सेवा समिति द्वारा सभी गुरु भक्त आराधना उत्सव में भाग ले रहे हैं ! कामेश्वर मंदिर की महिमा बताते हुए पंडित रविशंकर शास्त्री ने बताया कि विश्व में एकमात्र



कसौटी का विशाल शिवलिंग है साथ ही ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए भक्ति के द्वारा भगवान की कैसे प्राप्ति होती है वहीं उपस्थित दंडी स्वामी श्री राघवानंद श्री दामोदर आनंद श्री सिद्धानंद द्वारा भगवान रामजी के वनवास का मार्मिक वर्णन किया ! आयोजन में भगवान कामेश्वर प्रधान पुजारी ब्रह्मचारी अनिरुद्ध स्वरूप महाराजजी सहित अन्य सन्यासी ब्रह्मचारी संत महात्मा गुरुभक्त उपस्थित थे !

## साहू समाज ने मनाया देश के प्रधानमंत्री का जन्मदिन




**गोटेगांव।** बीते दिवस साहू समाज उत्थान मंडल के पदाधिकारी एवं समस्त साहू समाज द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भव्य जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया जिसकी जानकारी देते हुए साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवी तहसील अध्यक्ष भगवान दास साहू ने बताया कि साहू समाज द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के 75 वेजन्मदिन के अवसर पर पथरिया कुआं स्थित पिपलेश्वर मंदिर में विराजमान भगवान राम माता जानकी भाई लक्ष्मण पवनसुत हनुमान जी के साथ माता कर्मा की महाआरती का आयोजन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया गया जिसमें मुख्य रूप से शिवशंकर साहू भोला साहू पत्रकार आशीष साहू खेमचंद साहू पवन साहू घनश्याम साहू त्रिभुवन साहू राजकुमार साहू ओम प्रकाश साहू गुलाब साहू के साथ महिला मंडल अध्यक्ष रूपवती साहू साधना साहू विनीता साहूसंध्या साहू रुक्मणी साहू अनसूया साहू उपस्थिति के साथ अन्य गणमान्यनागरिक शामिल हुए एवं सभी ने देश के प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भगवान से शतायु होने की प्रार्थना की

## सरपंच प्रियंका खेमरिया बनी स्पीकर एवं चेंज मेकर



**गोटेगांव।** नई दिल्ली में 14-15 सितम्बर को भारतीय गुणवत्ता परिषद, पंचायती राज मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के विशेष सहयोग से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर सरपंच संवाद कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। नेशनल क्वालिटीइस अवसर पर ग्रामपंचायत गोटेगांव खेड़ा, तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर की लोकप्रिय और मिलनसार सरपंच श्रीमती प्रियंका राहुल खेमरिया को एक स्पीकर एवं चेंजमेकर महिला सरपंच के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने महिला एवं बाल हितैषी पंचायत के लिए अपने अनुभव साझा किए और विकसित ग्राम से विकसित भारत विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। देशभर से चयनित 75 सरपंचों के बीच पंचायतों की भूमिका, नवाचार एवं श्रेष्ठ प्रथाओं पर गहन चर्चा हुई।इस कॉन्क्लेव में 100-दिवसीय गुड गवर्नेंस चैलेंज की भी शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीआर पाटिल (मंत्री, जलशक्ति मंत्रालय) एवं विशेष अतिथि विवेक भारद्वाज (सचिव, पंचायती राज मंत्रालय), विशेष अतिथि अशोक केके मीणा (सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय) ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। इस अवसर पर श्रीमती प्रियंका खेमरिया ने कहा यह मंच मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। महिला एवं बाल हितैषी पंचायत के क्षेत्र में किए गए अनुभव साझा करने का यह अवसर अनमोल है।

## शासकीय विद्यालय कुम्हड़ाखेड़ा में चलाया स्वच्छता अभियान



**गोटेगांव।** समीपवर्ती कुम्हड़ाखेड़ा के शासकीय विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत सभी विद्यार्थियों एवं आंगनवाड़ी में उपस्थित महिलाओं को मोदी की स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं की निशुल्क जांच के विषय में उन्हें जानकारी दी एवं सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और उपस्थित समस्त महिलाओं द्वारा मैदान मेंस्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई पर जोर दिया ! साथ ही समाजसेवीका श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव द्वारा महिलाओं के हित में चल रही योजनाओं की जानकारी एवं रेबीज के विषय में उन्हें सावधान किया एवं बच्चों को भी इस विषय में जानकारी दी गई इस अवसर पर ग्रामीण मोर्चा महामंत्री श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा अनिता राय वंदना गुप्ता प्राचार्या श्रीमती नाजिमा खान शैलेश नामदेव पूनम पटेल रजनी नामदेव रागिनी पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजुला मेहरा सहायिका माया ठाकुर सहित अन्य मातृशक्ति विद्यालय परिवार छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गोटेगांव पुलिस ने जबलपुर, कटनी और दमोह समेत कई जिलों में सक्रिय कुख्यात अपराधी को हथियार के साथ धर दबोचा



**गोटेगांव।** नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश मीना के निर्देश पर गोटेगांव पुलिस ने अभियान चलाकर इस कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है । यह आरोपी लंबे समय से अवैध हथियारों की हेराफेरी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गोटेगांव पुलिस की दो अलग-अलग कार्यवाहियों में आरोपी भाईलाल पटेल और कृष्णकांत पटेल को गिरफ्तार किया गया है। भाईलाल पटेल के पास से 2 देशी कट्टे, 8 जिंदा कारतूस और एक वेगनार कार बरामद हुई, जबकि कृष्णकांत पटेल निवासी दबकियां से 1 रिवॉल्वर और 2 कारतूस जब्त किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और दमोह में सक्रिय इस कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे न केवल गोटेगांव क्षेत्र बल्कि आसपास के जिलों में भी अवैध हथियारों की सप्लाई पर बड़ा असर पड़ेगा।